मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-73
06/02/2025

# मुख्यमंत्री ने लखीसराय जिले को दी 445 करोड़ रुपये की सौगात, 183 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, 06 फरवरी 2025 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के क्रम में आज लखीसराय जिले को 445 करोड़ रुपये की लागत से कुल 183 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया, इनमें 117 योजनाओं का उद्घाटन एवं 66 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने लखीसराय जिला अंतर्गत लखीसराय प्रखंड के ग्राम बालगुदर स्थित लखीसराय संग्रहालय के दीर्घाओं में पेडेस्टल एवं शो—केश के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया।

उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने संग्रहालय का निरीक्षण कर प्रस्तर मूर्तिकला दीर्घाओं तेराकोटा एवं अन्य कलाकृति दीर्घा, विलुप्त सिक्के एवं प्रस्तर मूर्ति कला दीर्घा का अवलोकन किया। संग्रहालय निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को दीर्घाओं में लगी प्रदर्शनी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने सन 1772 ई0 में प्रकाशित बिहार—बंगाल का संयुक्त मानचित्र का भी अवलोकन किया। संग्रहालय थियेटर में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार के पुरातत्व निदेशालय द्वारा तैयार की गई लखीसराय जिला अंतर्गत संरक्षित स्थलों पर आधारित लघु फिल्म मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शित की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि काफी अच्छे ढंग से यहां संग्रहालय के दीर्घाओं में प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रत्येक प्रदर्शनी के पास उससे जुड़ी जानकारी भी लिखी गई है। इसके जरिये यहां आने वाले लोगों को अपने गौरवशाली इतिहास और पुरानी चीजों के बारे में जानकारी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां सोलर प्लेट भी लगवाएं।

मुख्यमंत्री ने बालगुदर पंचायत सरकार भवन परिसर में लखीसराय जिला अंतर्गत विभिन्न विभागीय योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने 2508 जीविका स्वयं सहायता समूह को 93 करोड़ 80 लाख 50 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, लखीसराय जिला अंतर्गत मनरेगा द्वारा निर्मित 4 जीविका महिला ग्राम संगठन भवन से संबंधित हस्तातंरण पत्र, बिहार लघु उद्यमी योजना अंतर्गत 1 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अंतर्गत 2 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाती कल्याण विभाग (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत 4 लाख 12 हजार 5 सौ रुपये की राशि का सांकेतिक चेक, दिव्यांजनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल की चाबी, मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना का सांकेतिक चेक एवं चाबी लाभुकों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने 8.99 लाख रुपये की लागत से मनरेगा अंतर्गत ग्राम पंचायत राज—बालगुदर में खेल मैदान का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने खेल मैदान का निरीक्षण कर खिलाड़ियों से बातचीत की। खिलाड़ियों ने ताली बजाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत जीर्णोद्धार कराये गये तालाब का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तालाब के दो तरफ सिढीनुमा घाट का निर्माण कराएं। इसके एक तरफ पहले से ही घाट का निर्माण कराया जा चुका है। तालाब के तीनों तरफ घाट का निर्माण हो जाने से लोगों को सुविधा होगी। हमलोगों ने सभी पार्टियों के साथ बैठक कर जल–जीवन–हरियाली अभियान चलाने का निर्णय लिया था। इसके तहत पूरे बिहार में सार्वजनिक कुओं, तालाबों का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। इस दौरान कलाकारों ने नशाबंदी एवं दहेज प्रथा उन्मूलन पर आधारित प्रस्तुती मुख्यमंत्री के समक्ष दी।

मुख्यमंत्री ने अशोक धाम (लखीसराय) में शिव गंगा तालाब के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिव गंगा तालाब का निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस शिव गंगा तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य में जल–जीवन–हरियाली योजना की भी मदद लें। इस तालाब को और अधिक गहरा कराएं ताकि इसमें ज्यादा जल संरक्षित हो सके। इस शिव गंगा तालाब के किनारे पक्का घाट का भी निर्माण कराएं। घाट का निर्माण हो जाने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान करने में सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री ने 48.93 करोड़ रुपये की लागत से लखीसराय जिला अंतर्गत एस0एच0–08 से किउल स्टेशन के बीच किउल नदी पर उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल एवं पहुंच पथ निर्माण तथा 67.29 करोड़ रुपये की लागत से किउल–वंशीपुर रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या–55 के बदले आर0ओ0बी0 का निर्माण कार्य का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। इस दौरान स्थल निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यहां किउल नदी पर निर्मित होने वाले पुल से नदी के दोनों तरफ पक्का सिढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराएं, इससे स्थानीय लोगों एवं छठ व्रतियों को सहूलियत मिलेगी।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री पंचायत राज, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, परिवहन मंत्री सह लखीसराय जिला की प्रभारी मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, विधायक श्री प्रहलाद यादव, विधान पार्षद श्री अजय कुमार सिंह, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मिहिर कुमार सिंह, कला संस्कृति एवं युवा विभाग के सचिव श्री प्रणव कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, निदेशक संग्रहालय श्रीमती रचना पाटिल, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय श्री कुंदन कृष्णन, लखीसराय के जिलाधिकारी श्री मिथिलेश मिश्र, पुलिस अधीक्षक श्री अजय कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******